भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 397
उत्तर देने की तारीख 24 जुलाई, 2024

बीएसएनएल और एमटीएनएल का खराब प्रदर्शन

397. श्री ओमप्रकाश भूपालसिंह उर्फ पवन राजेनिंबालकर:

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या बीएसएनएल और एमटीएनएल जैसी सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां खस्ताहाल होने के कगार पर हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या बीएसएनएल और एमटीएनएल के खराब कार्य-निष्पादन के कारण जन संचार प्रणाली प्रभावित हो रही है;
(ग) यदि हां, तो विगत पांच वर्षों के दौरान बीएसएनएल को हुए घाटे का ब्यौरा क्या है;
(घ) सरकार बीएसएनएल को सुदृढ़ बनाने के लिए क्या प्रभावी कदम उठा रही है; और
(ड.) सरकार द्वारा इस मुद्दे के स्थायी समाधान के लिए उठाए गए उचित कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) से (ङ) भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) और महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) द्वारा उपलब्ध कराई गई मोबाइल और लैंडलाइन सेवाएं संतोषजनक ढंग से कार्य कर रही हैं और भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) की कार्य-निष्पादन निगरानी रिपोर्ट (पीएमआर) के अनुसार सेवा की गुणवत्ता (क्यूओएस) के अधिकांश मापदंडों को पूरा कर रही हैं।

सरकार द्वारा बीएसएनएल और एमटीएनएल के पुनरुद्धार के लिए कई कदम उठाए हैं।

• वर्ष 2019 में लगभग 69 हजार करोड़ रुपये की राशि का प्रथम पुनरुद्धार पैकेज दिया गया जिससे बीएसएनएल/एमटीएनएल की परिचालन लागत में कमी आई।

• वर्ष 2022 में लगभग 1.64 लाख करोड़ रुपये की राशि का पुनरुद्धार पैकेज दिया गया। इसमें नई पूंजी लगाने, ऋण पुनर्गठन, ग्रामीण टेलीफोनी के लिए व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण आदि पर ध्यान केंद्रित किया गया।

• वर्ष 2023 में सरकार द्वारा लगभग 89 हजार करोड़ रुपये की कुल लागत के साथ बीएसएनएल को 4 जी/5जी स्पेक्ट्रम के आवंटन को अनुमोदन प्रदान किया गया।

इन पैकेजों के परिणामस्वरूप बीएसएनएल/एमटीएनएल ने वित्त वर्ष 2020-21 से परिचालन लाभ अर्जित करना शुरू कर दिया है।

इसके अलावा आत्मनिर्भर पहल के अनुरूप बीएसएनएल ने स्वदेशी 4जी प्रौद्योगिकी की तैनाती हेतु 1 लाख 4जी साइटों के लिए क्रय आदेश दिया है। यह उपकरण 5जी में उन्नयन करने योग्य है।

पिछले पांच वर्षों के दौरान बीएसएनएल को हुए लाभ/हानि का ब्यौरा निम्नानुसार है:

करोड़ रुपए में		
वित्त वर्ष	**बीएसएनएल**	
	सकल लाभ/(हानि)	ईबीआईटीडीए लाभ/(हानि)
2019-20	(15,500)	(6,879)
2020-21	(7,441)	1,177
2021-22	(6,982)	944
2022-23	(8,161)	1,559
2023-24	(5,371)	2,164

*****